तू दयालु है दाता मेरे तेरी छाया में मैं पल रहा लिरिक्स

तू दयालु है दाता मेरे,
तेरी छाया में मैं पल रहा,
थाम कर तू मेरे हाथ को,
साथ में है मेरे चल रहा।bd।

तू अगर श्याम होता नहीं,
कैसे गिरके सम्भल पाता मैं,
था सफर मुश्किलों से भरा,
हार के बैठ ही जाता मैं,
हार के बैठ ही जाता मैं,
आया संकट जो सिर पे मेरे,
तेरी किरपा से है टल रहा,
थाम कर तू मेरे हाथ को,
साथ में है मेरे चल रहा।bd।

कुछ मिले या मिले ना मुझे,
मैंने दरबार बदला नहीं,
तू ही था तू ही है सांवरे,
मेरा आधार बदला नहीं,
मेरा आधार बदला नहीं,
दीप सांसो का मेरा प्रभु,
तेरे आँगन में है जल रहा,
थाम कर तू मेरे हाथ को,
साथ में है मेरे चल रहा।bd।

जो भी कुछ हो रहा है यहाँ,
कोई तो है वजह सांवरे,
तेरी मर्जी से चलता जहाँ,
है तेरी ही रजा सांवरे,
है तेरी ही रजा सांवरे,
तेरे सायें में तेरा 'सचिन',
तेरे सांचे में है ढल रहा,
Bhajan Diary Lyrics,
थाम कर तू मेरे हाथ को,
साथ में है मेरे चल रहा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू दयालु है दाता मेरे,
तेरी छाया में मैं पल रहा,
थाम कर तू मेरे हाथ को,
साथ में है मेरे चल रहा।bd।

Singer – Sanjay Pareek Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com